रिटायरमेंट की उम्र 65 साल करने को लेकर शिक्षकों का प्रदर्शन

लखनऊ,। राजधानी में पुरानी पेंशन बहाली और रिटायरमेंट की उम्र 65 साल करने की उम्र करने को लेकर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने शिक्षकों की भी 30 मांगों का समर्थन किया। शिक्षकों ने सरकार के प्रति आक्रोश जताते हुए मांगें पूरी नहीं होने पर व्यापक आंदोलन की चेतावनी दी। उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय महा विद्यालय शिक्षक महासंघ (फुप्रुक्टा) के आह्वान पर प्रदेशभर में सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी क्रम में शिया कॉलेज शिक्षक फ्रंट के नेतृत्व में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज उठाई। शिक्षकों की प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली, सेवानिवृत्ति की आयु 60 से बढ़ाकर 65 वर्ष करना और फीडर कैडर का लाभ देना शामिल है। इसके अलावा सीनियर प्रोफेसर पद को डिग्री कॉलेजों में लागू करने, विश्व विद्यालय की समितियों में डिग्री कॉलेज शिक्षकों को शामिल करने और कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल (सीडीसी) का पद कॉलेज शिक्षकों को देने की मांग की गई। चिकित्सीय अवकाश उपलब्ध कराने और आकस्मिक अवकाश (सीएल) की संख्या 8 से बढ़ाकर 14 करने की मांग भी उठाई गई। डॉ. अजय वीर ने कहा कि मांगों को पूरा नहीं किए जाने के विरोध में शिक्षकों ने सांकेतिक प्रदर्शन किया है। काली पट्टी बांधकर सरकार को चेतावनी दी गई है कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा। लुआक्टा संयुक्त मंत्री डॉ. वहीद आलम ने कहा कि 30-40 साल तक सेवा करने वाले शिक्षकों को पेंशन नहीं मिल रही है, जबकि सांसदों, विधायकों और मंत्रियों को पेंशन की सुविधा मिलती है। शिक्षकों ने फीडर कैडर लागू करने और प्रदेश में सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने की मांग भी दोहराई। प्रदर्शन में शिया कॉलेज शिक्षक फ्रंट के महामंत्री प्रो. आगा परवेज मसीह, फुप्रुक्टा प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. प्रदीप शर्मा, लुआक्टा विधिक प्रतिनिधि डॉ. कमलजीत मिश्रा समेत बड़ी संख्या में शिक्षक और शिक्षिकाएं शामिल रहे।

गोमती नगर विस्तार में विवादित जमीन पर कब्जा देने पर भड़के किसान

लविप्रा के अवर अभियंता की कार्यप्रणाली की हो जांच

लखनऊ। गोमती नगर विस्तार योजना के सेक्टर चार में विवादित जमीन पर भूखण्ड पर कब्जा देने को लेकर ग्रामीण किसानों ने विरोध जताया। ग्रामीणों का आरोप है,जिस चकमार्ग पर भूखण्ड का कब्जा दिया,उस भूमि का प्रकरण उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। मौके पर पुलिस बल के साथ कब्जा देने गये अवर अभियंता ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी को ग्रामीणों ने उच्च न्यायालय में विचाराधीन मामले की फोटो प्रति दिखायी तो उन्होंने उसे लेने से मना किया और अपने साथ ले गयी जेसीब मशीनों से चकमार्ग पर लगे खड़जा मार्ग उखाड़ दिया। जिसको लेकर ग्रामीण किसानों और प्राधिकरण अभियंता के बीच काफी बहस हुयी। बुधवार को विकास प्राधिकरण के अवर अभियंता ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी पुलिस बल के साथ निर्मित चकमार्ग पर भूखण्ड का कब्जा देने पहुंचे थे। प्राधिकरण की कार्यवाही की सूचना पर मौके पर पहुंचे पूर्व ग्राम प्रधान व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गत 24 अक्टूबर को उच्च न्यायालय में तारीख लगी थी,जिस पर मामले को पीठ के समक्ष नये मामले की सूची में प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि जिस चकमार्ग भूमि खलिहान भूमि चारागाह भूमि का पुनग्रहण नहीं हुआ तो उक्त भूमि पर कब्जा दिया जाना मनमानी कारवाई है,जिसकी उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की गयी।

महंगाई पर रोक लगाने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई डबल इंजन सरकार-प्रियंका गुप्ता



लखनऊ। यूपी कांग्रेस की मीडिया विभाग की वाइस चेयरमैन प्रियंका गुप्ता ने कहा कि महंगाई से आम जनता त्राहि-त्राहि कर रही है और डबल इंजन की सरकार महंगाई पर रोक लगाने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। योगी सरकार पूरी तरह संवेदनहीन होकर भाषणों और जुमलों तक सीमित रह गई है। उन्होने कहा कि विगत 12 वर्षों में रसोई गैस 128 प्रतिशत महंगी हो गई है और सब्सिडी वाला जो घरेलू गैस सिलेण्डर साल में 12 मिलता था वह घटकर 4 हो गया है। मध्यम वर्गीय परिवार इस सब्सिडी से पूरी तरह से बाहर हो गये हैं। महिलाओं का रसोई चलाना मुश्किल हो गया है खाद्य सामग्री की मंहगाई दर 7.74 प्रतिशत पहुंच चुकी है। भाजपा के ही कई शासित राज्यों में सब्सिडी के 12 सिलेण्डर दिये जा रहे हैं फिर उत्तर प्रदेश के साथ सौतेला व्यवहार क्यों किया जा रहा है। यह बातें उन्होने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में व्यक्त कीं। उन्होने कहा कि चीनी 60 से 70 रूपये प्रति किलो बाजार में बिक रही है, दीपावली जैसे त्योहार पर आम जनता के लिए चीनी की मिठास फीकी हो गई है। उन्होने कहा कि किसानों के गन्ने का मूल्य नहीं बढ़ाया गया परन्तु चीनी के दाम आसमान छू रहे हैं। रोज मर्रा की जरूरत की आवश्यक वस्तुएं जैसे प्याज के दाम रूला रहे हैं, दूध के दाम बेतहाशा बढ़ गये हैं, दालों के दाम 200 के पार हो चुके हैं। सरसों का तेल और रिफाइन्ड आयॅल भी एक दूसरे से मंहगे होने की प्रतिस्पर्धा में 200 के पार हो चुके हैं। नमक जैसी अनिवार्य खाद्य पदार्थ के दाम आसमान छू रहे हैं। उन्होने कहा कि योगी सरकार महंगाई पर काबू पाने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। प्रदेश की महिलाएं अब भाजपा के जुमले में आने वाली नहीं है।

11000 लाइन की चपेट में आया युवक हालत गंभीर

इटौंजा। इटौंजा थाना के अंतर्गत बुधवार को शाहपुर बाजार में एक बिल्डिंग मैकेनिक दुकान पर काम करते समय वह 11000 लाइन की चपेट में आ गया। जिससे वह झुलस कर गंभीर हो गया। मेडिकल कॉलेज ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है। अटेसुवा निवासी सोहेल अंसारी 20 वर्ष की शाहपुर बाजार में दुकान है ।बुधवार को वह पड़ोस की दुकान पिंटू सोनार की दुकान पर बिल्डिंग का काम कर रहा था। तभी छत के ऊपर वेल्डिंग करते समय हाथ 11000 लाइन की चपेट में आ गया।

एलयू में समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया

लखनऊ ।लखनऊ विश्वविद्यालय एलयू के गेट नंबर-3 पर समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर संगीत रागी का पुतला फूंका। साथ ही उनकी तस्वीर को पैरों से रौंदा। छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रोफेसर पर जातीय टिप्पणी करने का आरोप लगाया। पुतला जलते ही मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी उसे लेकर वहां से हट गए। कार्यकर्ताओं ने प्रोफेसर संगीत रागी के खिलाफसख्त कार्रवाई की



मांग की। अमित यादव ने कहा कि संगीत रागी जैसे लोग कुंठित विचारधारा के हैं। इन्हें सबसे पहले प्रोफेसर के पद से हटाया जाए। जिस व्यक्ति की सोच अच्छी नहीं है वह छात्रों को अच्छी शिक्षा कैसे दे सकता है। हमारी मांग है कि पूरे यादव समाज पर अभद्र टिप्पणी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। प्रदर्शन कर रहे आदित्य ने कहा कि संगीत रागी समाजवादी पार्टी के सम्मानित प्रवक्ता पर जातिगत टिप्पणी किया है। यह टिप्पणी यादव समाज को लेकर की गई है। यह सिर्फ व्यक्ति विशेष पर नहीं बल्कि पूरे समाज से अभद्रता है। हम लोग किसी भी स्थिति में सपा नेता मनोज काका और उन पर की गई जातीय टिप्पणी को बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस प्रकार की अभद्र टिप्पणी व्यक्ति की छोटी सोच और मानसिक दिवालियापन का परिणाम है।

काकोरी में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

काकोरी ।राजधानी लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पानखेड़ा से घुरघुरी तालाब चौकी मार्ग पर इंडियन पेट्रोल पंप के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई। घटना मंगलवार देर रात की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बरकताबाद निवासी रामगोपाल पाल 40 वर्ष पुत्र स्व0 झुराकन पाल अपनी मोटरसाइकिल से पानखेड़ा की तरफ से घुरघुरी तालाब चौकी की ओर आ रहे थे। रास्ते में इंडियन पेट्रोल पंप के समीप उनकी मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। दुर्घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। मृतक के भतीजे सचिन पाल परिजनों के साथ गंभीर रूप से घायल रामगोपाल को निजी साधन से तत्काल इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर ले गए, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों में चीख-पुकार मच गई और गांव में शोक की लहर दौड़ गई ।वही इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक काकोरी सतीश चन्द्र राठौर ने बताया कि शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

एक नजर

एसएमएस में दीपावली पर गाला व डांडिया नाइट आयोजित

लखनऊ। राजधानी के सुल्तानपुर रोड स्थित एसएमएस में में भव्यता से दीपावली व गाला एवं डांडिया नाइट का आयोजन किया गया ।जिसमें संस्थान के सभी छात्र छात्राओं शिक्षकगण कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ सहभागिता की ।इस आयोजन में पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अन्य विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉ सीएम द्विवेदी गवर्निंग काउंसिल एसएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस शरद सिंह सचिव एवं सीईओ एसएमएस श्वेता सिंह तथा यश सेंगर अध्यक्ष ला फिडुसी ने उपस्थिति दर्ज करायी ।दीपावली उत्सव को एक विशेष आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक स्वरूप प्रदान करते हुए विद्यार्थियों ने परिसर में 5,000 दीप प्रज्वलित किये ।मुख्य अतिथि अरविंद सिंह गोप ने विद्यार्थियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें दीं ।इस मौके पर डॉ आशीष भटनागर निदेशक एसएमएस प्रो डॉ भरत राज सिंह महानिदेशक तकनीकी डॉ धर्मेंद्र सिंह एसोसिएट डायरेक्टर डॉ मोहम्मद हुसैन डीन एकेडमिक्स डॉ पीके सिंह डीन स्टूडेंट वेलफेयर सुरेंद्र श्रीवास्तव मुख्य महाप्रबंधक एसएन शुक्ला रजिस्ट्रार डॉ वीबी सिंह संयुक्त निदेशक प्रवेश राहुल अवस्थी उप महाप्रबंधक उपस्थित रहे।

निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



लखनऊ। सरोजनी नगर सैनिक सोसाइटी में बुधवार को शर्मिला नसरपुरी मेमोरियल चैरिटेबल क्लिनिक के शुभारंभ पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। सिटी हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर और शर्मिला नसरपुरी मेमोरियल चैरिटेबल क्लिनिक के सहयोग से आयोजित इस शिविर में क्षेत्र के तमाम जरूरतमंद मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर में डॉ. राजेश मेहता, डॉ.के.बी.गुप्ता, डॉ.यशपाल सिंह, डॉ.दिलीप व डॉ.मुईद अहमद ने अपनी सेवाएं दीं। इसके साथ ही पैथकेयर के प्रतिनिधियों और तकनीशियनों ने भी मरीजों की जांच में पूरा सहयोग किया। शिविर में बीएमडी, ब्लड प्रेशर और शुगर जैसी महत्वपूर्ण जाँचें भी पूरी तरह नि:शुल्क की गईं। साथ ही मरीजों को आगे के उपचार के लिए उचित मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। इस दौरान सिटी हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर ने घोषणा की है कि आज के शिविर के परामर्श पर्चे के साथ आने वाले मरीजों को जाँचों पर 50 फीसदी की विशेष छूट दी जाएगी, और अगले 15 दिनों तक आगामी परामर्श के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफएफआईआर दर्ज करने की मांग

लखनऊ,। राजधानी में समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफमोर्चा खोल दिया। कार्यकर्ताओं ने हजरतगंज थाने पहुंचकर उनके खिलाफतहरीर दी और एफआईआर दर्ज करने की मांग की ।मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव प्रवेश यादव ने तहरीर देकर धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफकार्रवाई की मांग की।

वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से सम्पन्न



लखनऊ। गोमती नगर स्थित स्कॉलर्स होम स्कूल का वार्षिकोत्सव मंगलवार को हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आशुतोष पांडेय, आई.पी.एस.,पुलिस महानिदेशक (टेलीकॉम), उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में लेफ्टिनेंट कर्नल सारांश निगम, निदेशक, एन.सी.सी., उत्तर प्रदेश तथा देवेन्द्र कुमार पांडेय, आई.ए.एस., विशेष सचिव, उपभोक्ता मामले ने समारोह की गरिमा बढ़ाई। विद्यार्थियों ने प्रार्थना नृत्य के माध्यम से शांति और सद्भाव का संदेश दिया। 'मैजिक ऑफ हैप्पी हार्ट्स' में 'जूबी-डूबी' गीत पर नन्हे-मुन्नों की प्रस्तुति ने उल्लास बिखेर दिया। 'स्नो व्हाइट एंड द सेवन ड्वार्फ्स', 'अलादीन एंड द मैजिक लैम्प* और 'बीवेयर द आइड्स ऑफ मार्च' जैसी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह के दो मुख्य आकर्षण रहे। हिंदी नाट्य प्रस्तुति 'रिपोर्ट कार्ड से आगे' ने यह संवेदनशील संदेश दिया कि बच्चे की प्रतिभा का आंकलन केवल अंकों से नहीं किया जाना चाहिए। वहीं 'द मिशन अर्थ' में दिखाया गया कि दूसरे ग्रह से आए एलियंस पृथ्वी की विविधता, विभिन्न देशों की संस्कृतियों और किसानों की मेहनत को देखकर अभिभूत हो जाते हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती अनुपम सिंह ने वार्षिक आख्या प्रस्तुत की, जबकि डायरेक्टर श्रीमती सरिता जायसवाल ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में विद्यालय की भूमिका पर प्रकाश डाला।

आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

Aadhar Housing Finance Ltd

कार्पोरेट कार्यालय :ऑफिस नं. 501 एवं 503, पाँचवी मंजिल, लाइटब्रिज, साकी विहार रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई सुबुरबन (जिला), महाराष्ट्र-400072

लखनऊ जानकीपुरम अलीगंज शाखा: गुरुकृपा, हॉल नं. 1, तृतीय तल, प्लॉट नं. CP-3, सेक्टर-E, सीतापुर रोड योजना, लखनऊ, उत्तर प्रदेश- 226024

लखनऊ शाखा: B-2/6, D-2/23, D-2/24 व D-2/25, प्रथम तल, विश्वासशील कॉम्प्लेक्स, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ- 226010, उत्तर प्रदेश

अयोध्या शाखा: 5/17/171, देवकाली रोड, निकट बिग बाज़ार, ब्लिस रेस्टोरेंट के सामने, फैजाबाद (अयोध्या)- 224001, उ.प्र.

लखनऊ एलडीए कॉलोनी शाखा: पाल प्लाजा, अपर ग्राउंड फ्लोर, KBC 15, सेक्टर B, कानपुर रोड, लखनऊ- 226005 उ.प्र.

सीतापुर शाखा: मोहल्ला लोहार बाग भवना, भवन नं. 15/1/352, आई हॉस्पिटल रोड, निकट संतोषी माता मंदिर, सीतापुर, परगना खैराबाद, तहसील व जिला- सीतापुर (उत्तर प्रदेश)- 261001

रायबरेली न्यू शाखा: कार्यालय नं.- 563/1, ज.मीर कॉम्प्लेक्स, प्रथम तल, खसरा नं. 21 क मिन, अहमदपुर नजूल रोड, निकट भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), जिला- रायबरेली, रायबरेली- 229001, उत्तर प्रदेश

सुल्तानपुर शाखा: 1090, द्वितीय तल, डीएम आवास के सामने, गोला घाट, सिविल लाइंस- 1, सुल्तानपुर, उ.प्र.- 228001

गोंडा शाखा: प्रथम तल, उत्तम टॉवर, मार्फत (C/0) दर्शन टायर्स, जानकी नगर, निकट नवीन गल्ला मंडी, बहराइच रोड, गोंडा, उ.प्र.- 271002

बहराइच शाखा: द्वितीय तल, एस. एन. प्लाजा.I, भवन नं. 1180, गोंडा रोड, डिगिहा, बहराइच, उत्तर प्रदेश- 271801

मांग सूचना

सिक्यूरिटाईजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनेन्सियल एस्सेट्स एंड इंफोरसमेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंट्रस्ट एक्ट 2002 के साथ सपठित सिक्यूरिटी इंट्रेस्ट (इंफोरसमेंट) नियम 2002 का नियम 3(1) के साथ धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना

सिक्यूरिटाईजेशन एंड रिकन्स्टक्शन ऑफ फाईनेन्सियल एस्सेट्स एंड इंफोरसमेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटेस्ट एक्ट 2002 (उपरोक्त कानून) के अंतर्गत अधोहस्ताक्षरकर्ता **आधार हाउसिंग फायनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड (AHFL)** के प्राधिकृत अधिकारी है। उपरोक्त कानून की धारा 13(12) के साथ सपठित सिक्यूरिटी इंटेस्ट (इंफोरसमेंट) एक्ट, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए प्राधिकृत अधिकारी ने धारा13(2) के अंतर्गत नीचे वर्णित निम्न ऋणकर्ता (ओं) (उपरोक्त ऋणकर्ता (ओं)) को संबंधित मांग सूचना (ओं) में वर्णित राशि का पूर्णभुगतान करने के लिए बुलाये जाने के लिए जारी की गई थी। उपरोक्त संबंध में एक बार पुन: उपरोक्त ऋणकर्ता (ओं) को पुन: सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिवस के अंदर नीचे वर्णित राशि के साथ नीचे वर्णित दिनांक से भुगतान की दिनांक एवं/या पुर्न प्राप्ति तक लागू मय ब्याज के उपरोक्त ऋणकर्ता (ओं) से किए गए ऋण अनुबंध के साथ अन्य दस्तावेजो/लिखित में यदि कोई हो, के अंतर्गत देय राशि का भुगतान करें। जैसा कि ऋण के पुर्नभुगतान की जमानत के लिए निम्न संपत्ति को उपरोक्त संबंधित ऋणकर्ता (ओं) द्वारा AHFL को गिरवी रखा गया है।

क्रं.	उधारकर्ताओं एवं सह-उधारकर्ता / जमानतदार के नाम	मांग पत्र की दिनांक एवं मांग राशि	प्रतिभूतित आस्तियों का विवरण (अचल संपत्ति/यां)
1	(लोन कोड नं. 37610000275 / लखनऊ जानकीपुरम अलीगंज शाखा) मुकेश वाल्मीकि (ऋणी) दीपिका (सह-ऋणी)	05-10-2026 & ₹ 22,90,602/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, प्लॉट भाग खसरा नं. 345 मिन, क्षेत्रफल- 630 वर्ग फीट, स्थित ग्राम- गौरमीठ, वार्ड- फैजुल्लागंज, तहसील व जिला- लखनऊ **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - आराजी दीगर, पश्चिम - 15 फीट चौड़ा रोड, उत्तर - रिंकी का मकान, दक्षिण - आर.एस. तिवारी का मकान
2	(लोन कोड नं. 00100004859/ लखनऊ शाखा) आकाश दीप अग्रहरि (ऋणी) महेश गुप्ता (सह-ऋणी)	06-10-2026 & ₹ 7,91,673/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, प्लॉट नं. 09 व प्लॉट नं. 10 का भाग, खसरा नं. 609 का भाग, स्थित ग्राम- भूहर, वार्ड- हैदरगंज, तह.व जिला- लखनऊ , **चर्तुसीमाएँ:** पूर्व - प्लॉट नं. 1ए व 3 का भाग, पश्चिम - 15 फीट चौडा रोड, उत्तर - प्लॉट नं. 8, दक्षिण - प्लॉट नं. 10 का शेष भाग
3	(लोन कोड नं. 07200000507 / अयोध्या शाखा) दिनेश प्रताप सोनी (ऋणी) संगीता देवी (सह-ऋणी)	06-10-2026 & ₹ 7,82,925/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, एक प्लॉट, कुल माप 3285 वर्ग फीट, गाटा नं.247 का भाग, स्थित लोलेपुर, तह. सदर, जिला- सुल्तानपुर, उ.प्र. **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - अंबिका प्रसाद का मकान, पश्चिम - ओंकार नाथ का मकान, उत्तर - दिनेश प्रताप सोनी का मकान, दक्षिण - विक्रेता का चक
4	(लोन कोड नं. 00194003673 / लखनऊ शाखा) गौसिया खान (ऋणी) अनीद खान (सह-ऋणी)	09-10-2026 & ₹ 3,84,715/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, प्लॉट नंबर- D-159, खसरा नंबर- 1144/0.172 का भाग, स्थित ग्राम- परहेटा, परगना- मोहनलालगंज, तहसील- मोहनलालगंज, जिला- लखनऊ, उत्तर प्रदेश **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - भूमि नंबर- D-160, पश्चिम - भूमि नंबर- D-158, उत्तर - भूमि नंबर- 174, दक्षिण - 25 फीट रास्ता
5	(लोन कोड नं. 00110000332 / लखनऊ शाखा) सनी कुमार (ऋणी) विमला वी (सह-ऋणी)	09-10-2026 & ₹ 11,65,293/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, एक किता मकान, मकान नंबर- 529/227 I, मोहल्ला- रहीमनगर, वार्ड- महानगर, तह. लखनऊ जिला- लखनऊ उ.प्र. **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - मंदिर, पश्चिम - मुशीर अहमद का मकान, उत्तर - 16 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिण - जितेंद्र सोनी का मकान
6	(लोन कोड नं. 00110000490 / लखनऊ शाखा) अशोक कुमार यादव (ऋणी) द्रौपदी डी (सह-ऋणी)	09-10-2026 & ₹ 2,85,968/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, प्लॉट नंबर- 425ए, खसरा नंबर 111 का भाग, स्थित ग्राम- आधार खेडा, परगना- महोना, तह. बीकेटी, जिला- लखनऊ, उ.प्र. **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - प्लॉट नंबर- 417, पश्चिम - 16 फीट चौड़ा रास्ता, उत्तर - प्लॉट नं.- 425, दक्षिण - प्लॉट नं.- 424
7	(लोन कोड नं. 11610000268 / लखनऊ एलडीए कॉलोनी शाखा) मोहम्मद नसीर अली (ऋणी) हसीना पति हुसेन (सह-ऋणी)	09-10-2026 & ₹ 7,60,260/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, मकान नंबर- 596Av/018/04/024 प्लॉट नंबर- 61 पर निर्मित, खसरा नंबर- 448, 540, 541 का भाग, स्थित आदर्श विहार, वार्ड- हैदरगंज, ग्राम- भपटामाऊ, तहसील- लखनऊ, जिला- लखनऊ, उत्तर प्रदेश **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - प्लॉट नंबर- 62, पश्चिम - प्लॉट नंबर- 60, उत्तर - प्लॉट नंबर- 64, दक्षिण - 15 फीट चौडा रास्ता
8	(लोन कोड नं. 37610000316 / लखनऊजानकीपुरम अलीगंज शाखा) शांतनु तिवारी (ऋणी) चंदेश्वर (सह-ऋणी)	09-10-2026 & ₹ 6,13,233/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, एक प्लॉट नंबर- 06 व 07, खसरा नंबर- 1068मि. का भाग, स्थित ग्राम- अमराईगांव, वार्ड- शहीद भगत सिंह, तहसील- लखनऊ, जिला- लखनऊ, उत्तर प्रदेश **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - अन्य की भूमि, पश्चिम - 20 फीट चौड.ा रास्ता, उत्तर - प्लॉट नंबर- 05, दक्षिण - अन्य की भूमि
9	(लोन कोड नं. 00110000861 / लखनऊ शाखा) शिखर गौर (ऋणी) मधुबाला गौर (सह-ऋणी)	09-10-2026 & ₹ 7,40,488/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, प्लॉट नंबर- A-201, ब्लॉक-A, खसरा नं. 276 का भाग, स्थित ग्राम दसौली, परगना महोना, तह. बीकेटी, जिला- लखनऊ, उ.प्र. **चर्तुसीमाएँ:**पूर्व - प्लॉट नंबर- A-130, पश्चिम - 21 फीट चौड़ा रास्ता, उत्तर - बेचे गए गाटे का शेष भाग, दक्षिण - प्लॉट नं.- A-200
10	(लोन कोड नं. 11910000252 / सीतापुर शाखा) वसीम अहमद (ऋणी) खलीकुन निशा (सह-ऋणी)	09-10-2026 & ₹ 9,20,904/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, लेखपाल आख्या अनुसार गाटा नंबर- पुराना गाटा 277 व नया गाटा नंबर- 477 के भाग पर बना प्लॉट, स्थित ग्राम- पुनबुर्वग्रांट, परगना- कुकरा, तहसील- गोला गोकर्णनाथ, जिला- खीरी, उ.प्र. **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - कच्चा रास्ता व लाइन 20 फीट, पश्चिम - प्लॉट नं. 18 फूलचंद व लाइन 20 फीट, उत्तर - प्लॉट नं. 12 फूलचंद्र व लाइन 70 फीट, दक्षिण - प्लॉट नंबर- 10 फूलचंद्र व लाइन 70 फीट
11	(लोन कोड नं. 11910000304 & 11910000311/सीतापुर शाखा) हिमांशु वर्मा (ऋणी) मंजू वर्मा (सह-ऋणी)	09-10-2026 & ₹ 19,11,303/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, प्लॉट नगरपालिका नंबर- 487, स्थित मोहल्ला- मुंशी गंज (पूर्णागिरि नगर), वार्ड- फत्तन सराय, तहसील- सीतापुर, जिला- सीतापुर, उत्तर प्रदेश **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - शिव कुमारी का मकान, पश्चिम - रामखेलावन का मकान, उत्तर - 15 फीट चौड.ा रास्ता, दक्षिण - सूरज विश्वकर्मा का प्लॉट
12	(लोन कोड नं. 00110001668 / लखनऊ शाखा) फिरोज उल्लाह (ऋणी) साफिया फिरोज (सह-ऋणी)	09-10-2026 & ₹ 17,74,939/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, प्लॉट खसरा नंबर- 881मि. का भाग, स्थित ग्राम- पारा, वार्ड- आलमनगर, परगना- लखनऊ, तह.लखनऊ, जिला- लखनऊ, उ.प्र. **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - अन्य का प्लॉट, पश्चिम - 15 फीट चौड़ा रास्ता, उत्तर - अरविंद का प्लॉट, दक्षिण - गंगा प्रसाद की भूमि
13	(लोन कोड नं. 11910000333 / सीतापुर शाखा) पंकज कुमार (ऋणी) उमा देवी (सह-ऋणी)	09-10-2026 & ₹ 6,25,456/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, आवासीय प्लॉट नंबर- 30, खसरा नं. 123 का भाग, स्थित ग्राम- अलीगंज, परगना- भूढ़, तह. गोला, जिला- खीरी, उ. प्र. **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - प्लॉट नंबर- 31, पश्चिम - प्लॉट नंबर- 29, उत्तर - प्लॉट नंबर- 35, दक्षिण- 16 फीट चौडा रास्ता
14	(लोन कोड नं. 00110001891 / लखनऊ शाखा) आदर्श कुमार (ऋणी) रीमावती पति गंगाराम (सह-ऋणी)	09-10-2026 & ₹ 4,72,990/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, प्लॉट, खसरा नंबर- 516मि. का भाग, स्थित ग्राम पलेहंदा, परगना बिजनौर, तह. सरोजनी नगर, जिला- लखनऊ, उ.प्र. **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - अरजी दीगर, पश्चिम - 20 फीट चौडा रोड, उत्तर - 20 फीट चौडा रास्ता, दक्षिण - खसरा नंबर- 516 की भूमि का शेष भाग
15	(लोन कोड नं. 53510000120 / रायबरेली न्यू शाखा) दलबीर सिंह (ऋणी) सुशीला देवी (सह-ऋणी)	09-10-2026 & ₹ 13,84,857/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, गाटा नंबर- 726/0.166 हेक्टेयर, स्थित ग्राम- भोजपुर, परगना- सरेनी, तह. लालगंज, जिला- रायबरेली, उ.प्र.**चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - अश्वनी मिश्रा का मकान तत्पश्चात खरंजा मार्ग, पश्चिम - अजय प्रताप सिंह का मकान, उत्तर - सराय बैरिहा खेडा भोजपुर मार्ग, दक्षिण - शिव हरेश्वर सिंह आदि का प्लॉट
16	(लोन कोड नं. 07210000307 / अयोध्या शाखा) शिव शंकर गुप्ता (ऋणी) बीना गुप्ता (सह-ऋणी)	09-10-2026 & ₹ 4,21,715/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, एक प्लॉट, कुल माप 860.8 वर्ग फीट, गाटा नंबर- 381 का भाग, स्थित उदयपुर ग्रांट, तह. तरबगंज, जिला- गोंडा, उ.प्र. **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - महावीर का प्लॉट, पश्चिम - विक्रेता का शेष प्लॉट, उत्तर - तुर्कडीह से उदयपुर मार्ग, दक्षिण - मुकीर का शेष प्लॉट
17	(लोन कोड नं. 07210000351 / अयोध्या शाखा) धीरेंद्र कुमार सोनी (ऋणी) वीरेंद्र कुमार सोनी (सह-ऋणी)	09-10-2026 & ₹ 13,17,241/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, एक प्लॉट, कुल माप 872 वर्ग फीट, गाटा नं.1434 का भाग, स्थित बीरपुर कटरा, तह.करनैलगंज, जिला- गोंडा, उ.प्र. **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - प्रथम पक्ष का प्लॉट, पश्चिम - शारदा सोनी का प्लॉट, उत्तर - सज्जन बाबू व अन्य का प्लॉट, दक्षिण - रास्ता 6 फीट
18	(लोन कोड नं. 07210000375 / अयोध्या शाखा) अमन गुप्ता (ऋणी) शोभा देवी व अनुराग गुप्ता (सह-ऋणी)	09-10-2026 & ₹ 8,38,257/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, एक प्लॉट, कुल माप 74.78 वर्ग फीट, मकान नंबर- 2/4/36 का भाग, स्थित चाचू कस्बा जलालपुर (ए.एन. पी.), तह. जलालपुर, जिला- अंबेडकर नगर, उ.प्र. **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - मुस्तरी का मकान / राम मंगल की दुकान, पश्चिम - राम चंदर का मकान / क्रेता की दुकान, उत्तर - उमा शंकर का मकान / राम मंगल का मकान, दक्षिण - गली नगर पालिका / गली जलालपुर से जगपुर
19	(लोन कोड नं. 07210000462 / अयोध्या शाखा) गोल्डन अग्रहरि (ऋणी) सुदर्शन अग्रहरि (सह-ऋणी)	09-10-2026 & ₹ 4,51,909/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, एक प्लॉट, कुल माप 680.67 वर्ग फीट, गाटा नंबर- 1022 मिन का भाग, स्थित गोविंदपुर, तहसील जलालपुर, जिला- अंबेडकर नगर, उत्तर प्रदेश **चर्तुसीमाएँ:** पूर्व - प्रथम पक्ष का खेत, पश्चिम - पक्की सड.क 6 मीटर से कम, उत्तर - आनंद का खेत, दक्षिण - पक्की सडक 6 मीटर से कम
20	(लोन कोड नं. 07210000500 / अयोध्या शाखा) मोहम्मद कैस (ऋणी) तुफैल अहमद एवं मोहम्मद आसिफ (सह-ऋणी)	09-10-2026 & ₹ 9,30,473/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, एक प्लॉट, कुल माप 792.1875 वर्ग फीट, गाटा नंबर- 3801 मिन का भाग, स्थित फैजाबाद ग्रामीण (बहेलिया टोला), तहसील सदर, जिला- अयोध्या, उत्तर प्रदेश **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - रास्ता खाम 15 फीट, पश्चिम - रास्ता खाम 12 फीट, उत्तर - हाता इरशाद अहमद कुरैशी, दक्षिण - विक्रेता का प्लॉट
21	(लोन कोड नं. 07210000551 / अयोध्या शाखा) मिश्रीलाल (ऋणी) रानी विमला (सह-ऋणी)	09-10-2026 & ₹ 6,09,621/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, बकथिरवा, गिलौली, गोंडा, तल सं.: भूतल, प्रथम तल, सर्वे नं./खसरा नं.: गाटा नं.- 610, परगना- गोंडा, प्राथमिक विद्यालय, गिलौली, गोंडा, उ. प्र.271202 **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - चक मुफिर, पश्चिम - चक मकरंदज, उत्तर - चक मुफिर, दक्षिण - चक रोड
22	(लोन कोड नं. 36210000192 / सुल्तानपुर शाखा) जितेंद्र कुमार (ऋणी) पूनम पाल (सह-ऋणी)	09-10-2026 & ₹ 6,17,123/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, तल संख्या: भूतल, सर्वे नंबर/खसरा नंबर: गाटा नंबर- 253, परगना- अल्देमऊ, निकट भारत पेट्रोल पंप, बुढ़ना, सुल्तानपुर, उ. प्र.- 228145 **चर्तुसीमाएँ:** पूर्व - शेषनाथ पांडे का खेत, पश्चिम - प्रीति व अनारा देवी का शेष भाग, उत्तर - लालता प्रसाद का खेत, दक्षिण - रोड
23	(लोन कोड नं. 07210000772 / अयोध्या शाखा) सूरज कुमार (ऋणी) वंदना (सह-ऋणी)	09-10-2026 & ₹ 15,79,756/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, तल मंजिल, सर्वे नंबर/खसरा नंबर: गाटा नं.1679, 1680, परगना- खंडासा, निकट पेट्रोल पंप, मोहम्मदपुर, अयोध्या, उ.प्र.- 224121 **चर्तुसीमाएँ:**पूर्व - सियाराम का प्लॉट, पश्चिम - रोड अमानीगंज, उत्तर - विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण - सावित्री देवी का प्लॉट
24	(लोन कोड नं. 07210000779 / अयोध्या शाखा) सदानंद (ऋणी) डाली गुप्ता (सह-ऋणी)	09-10-2026 & ₹ 5,06,422/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, स्थित देवकाली (बी.एन.पी.), परगना- हवेली अवध, तह. सदर, जिला- अयोध्या, गाटा नंबर- 18 मिन, क्षेत्रफल- 600 वर्ग फीट, उ. प्र. **चर्तुसीमाएँ:**पूर्व - कृष्णा का प्लॉट, पश्चिम - रास्ता 15 फीट, उत्तर - पंडित जी का प्लॉट, दक्षिण - लीलावती की भूमि
25	(लोन कोड नं. 44610000066 / गोंडा शाखा) जुग्गी लाल (ऋणी) मीरा देवी (सह-ऋणी)	09-10-2026 & ₹ 11,00,107/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, स्थित गोगिया, परगना- ग्वारिच, तहसील- करनैलगंज, जिला- गोंडा, गाटा नंबर- 603, 604, क्षेत्रफल- 900 वर्ग फीट **चर्तुसीमाएँ:** पूर्व - क्रेता की भूमि, पश्चिम - सड़क बालपुर से परसपुर, उत्तर - कृपाली देवी की भूमि, दक्षिण - क्रेता की भूमि
26	(लोन कोड नं. 55510000047 / बहराइच शाखा) शिव सरन वर्मा (ऋणी) जनकदुलारी (सह-ऋणी) त्रिभुवन लाल वर्मा (जमानतदार)	09-10-2026 & ₹ 1,63,445/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, गाटा नंबर- 1244 मि., निकट पयागपुर बस स्टैंड, बहराइच, उत्तर प्रदेश- 271871 **चर्तुसीमाएँ:** पूर्व - विक्रेता का शेष भाग, पश्चिम - रोड 14 फीट चौडा, उत्तर - अर्जुन प्रसाद का प्लॉट, दक्षिण - विक्रेता का शेष भाग
27	(लोन कोड नं. 44610000067 / गोंडा शाखा) स्व. कालिका प्रसाद (कानूनी वारिस के माध्यम से प्रतिनिधित्व) (ऋणी) राज कुमारी व मुकेश चौहान (सह-ऋणी)	09-10-2026 & ₹ 1,17,615/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, अरजी नंबर- 1029, स्थित मौजा- कंछार, परगना- इकौना, तहसील व जिला- बहराइच, उत्तर प्रदेश **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - राज कुमारी का मकान, पश्चिम - किशोर लाल का मकान, उत्तर - राज कुमारी की भूमि, दक्षिण - रोड विशेश्वरगंज से गोंडा जमुनी
28	(लोन कोड नं. 00100001594 / लखनऊ शाखा) स्व. राकेश जायसवाल (कानूनी वारिस के माध्यम से प्रतिनिधित्व) (ऋणी) अनिता वर्मा (सह-ऋणी) संतोष पिता ओंकार नाथ (जमानतदार)	12-10-2026 & ₹ 1,74,994/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, प्लॉट नंबर 517 के भाग पर निर्मित मकान, खसरा नंबर 516/7/2 मिनजुमला, कुल माप 340 वर्ग फीट, स्थित हैदरगंज जदीद, वार्ड बालकगंज, तहसील व जिला- लखनऊ **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - प्लॉट नंबर 516, पश्चिम - प्लॉट नंबर 517 का भाग श्रीमती अनीसा, उत्तर - प्लॉट नंबर 508 पर निर्मित मकान, दक्षिण - 10 फीट चौडा रोड (बिक्री समझौते के अनुसार)

यदि उपरोक्त ऋणकर्ता उपरोक्त राशि का AHFL को भुगतान करने में असफल रहते है तो AHFL उपरोक्त संपत्ति के विरुद्ध कानून की धारा 13(4) एवं लागू नियम के अंतर्गत ऋणकर्ता के पूर्ण जोखिम मूल्य एवं परिणाम पर कार्यवाही करेगी। उपरोक्त ऋणकर्ताओं को कानून के अंतर्गत संपत्ति का विक्रय, किराया या अन्य प्रकार से बिना AHFL के लिखित अनुमति के बिना हस्तांतरित करने पर प्रतिबंधित किया जाता है कोई व्यक्ति जो कि उपरोक्त कानून या नियम में दिए गए प्रावधानों का उल्लंघन या उल्लंघन करने को बढावा देता है उसे उपरोक्त कानून के अंतर्गत प्रदत जुर्माना या /एवं कारावास के लिए दंड दिये जाने के योग्य होगा।

स्थान : उत्तर प्रदेश,
दिनांक : 05.11.2026

सही/- प्राधिकृत अधिकारी
वास्ते - आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड